C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:31बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:51 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 72 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 3 सितम्बर 2024

कंगना की नई फिल्म का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मासूम से छेड़छाड़ पर मुकदमा, कोर्ट में पेशी

**हल्द्वानी।** जिले में अपराध और अपराधियों का ग्राफ बढ़ाती जा रहा है ऐसे में पुलिस का अपराध मुक्त जिले के दावे की हवा निकलती नजर आ रही है। बच्ची के अपहरण के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है स्थानीय लोगों ने बालिका के अपहरण करने वाले आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है जानकारी के अनुसार टनकपुर रोड निवासी मोहम्मद वसीम की 9 वर्षीय पुत्री बीती देर शाम मोहल्ले के बच्चों के साथ मोहल्ले में खेल रही थी इसी बीच एक अज्ञात युवक वहां पहुंचा जहां उसने वसीम की पुत्री को गोद में उठाकर ले जाने का प्रयास किया यह देख खेल रहे बच्चों ने शोरगुलमचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए और उन्होंने आरोपी युवक को पदकर उसकी धुनाई लगा दी और उसे बनभूलपुरा थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के पूछताछ पर उसने अपना नाम नवीन आर्य निवासी वार्ड नंबर 34 काठगोदाम बताया। बालिका पिता ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

### महिला ने भतीजी की सकुशल बरामदगी की गुहार

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपनी भतीजी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए मुखानी थाना पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर सौंपी है सौंपी तहरीर में ऊंचा पुल निवासी उर्मिला पत्नी संजय ने कहा है कि उसकी भतीजी 18 वर्षीय दीप वाला पत्नी चंदन मिस्त्री 22 अगस्त को अपनी नानी निवासी चौपला चौराहा जीना कॉलोनी जाने की बात कह कर के निकली थी लेकिन वह वहां नहीं पहुंची उसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं भी पता नहीं लगा है परिजनों को उसकी अनिष्ठा की चिंता सताने लगी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# पंतनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने से कुमाऊं का होगा विकास

**रुद्रपुर/पंतनगर**

**हमारे संवाददाता**



पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण में आ रही समस्याओं के निराकरण कर शीघ्र निर्माण कराये जाने के संबंध में सांसद अजय भट्ट ने जिला प्रशासन व एयरपोर्ट डायरेक्टर के साथ पंतनगर विवि. के एनेक्सी सभागार में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण होने व अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनने से सम्पूर्ण कुमाऊं मंडल में पर्यटन का विकास होगा साथ ही यहां के होमस्टे व क्षेत्रीय व्यापार भी तेजी से बढ़ेगा जिससे न केवल इस क्षेत्र की बल्कि पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। एयरपोर्ट विस्तारीकरण के बाद बड़ी फ्लाइट्स के कारण देश-विदेश के पर्यटक आसानी से कुमाऊं भ्रमण कर सकेंगे, जिससे मण्डल में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन गतिविधियों के साथ ही सैलानियों को राज्य की संस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति से भी आसानी से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने से यहां से अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने भी चालू हो जाएंगी। अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के साथ ही कारगो व घरेलू उड़ानें भी यहां से संचालित होंगी। सांसद भट्ट ने बताया कि उड़ान योजना जो बंद हो गई थी उनके आग्रह पर रविवार व सोमवार को देहरादून से पंतनगर व पंतनगर से देहरादून के लिए पुनः शुरू कर दी गयी है। जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए किये गये अब तक के कार्य की जानकारी ली। बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह,एसडीएम मनीष बिष्ट ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु किये गये कार्यों....

.... शेष पेज 4 पर

### एयरपोर्ट विस्तारीकरण की डीपीआर को मिली धनराशि

पंतनगर एयरपोर्ट डायरेक्टर मोनिका डेम्बला ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण की डीपीआर बनाने के लिए धनराशि प्राप्त हो गई है तथा कंसल्टेंट एंजेंसी भी नियुक्त कर ली गयी है। इसके साथ ही भूमि निर्देशांक मुख्यालय को भेज दिए गए हैं तथा एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर ( टर्मिनल, रनवे, पार्किंग आदि) की योजना बनायी जा रही है। भट्ट ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया साथ ही विस्तारीकरण का कार्य तेजी से करने के लिए जिला प्रशासन व एयरपोर्ट अथॉरिटी की सराहना की ।

भाजपा संगठन महापर्व का आगाज

# सीएम धामी ने प्रथम सदस्य के रूप में ग्रहण की सदस्यता

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दो चरणों में संपन्न होने वाले प्राथमिक सदस्यता अभियान के बाद 16 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।

उत्तराखंड में आज भाजपा के संगठन महापर्व का आगाज हो हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय जनता पार्टी के 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' के तहत प्रदेश भाजपा के प्रथम सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को जिला स्तर पर स्थानीय सांसदों, विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों को सदस्यता दिलाई जाएगी। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के मुताबिक, दो चरणों में संपन्न होने वाले प्राथमिक सदस्यता अभियान के बाद 16 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।



### मुख्यमंत्री योगी सहित दोनों डिप्टी सीएम ने ली भाजपा की सदस्यता

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम सहित भाजपा के बड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ले ली है। इसके साथ ही यूपी में भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो गया। यह अभियान दो सितंबर को शुरू हुआ और 25 सितंबर तक चलेगा। अभियान का प्रारंभ सोमवार को दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की सदस्यता दिलाकर की। लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है। पहले चरण का अभियान 2 सितंबर से 25 सितंबर और दूसरे चरण का अभियान एक अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है।

# दोषी को फांसी या आखिरी सांस तक उम्रकैद का प्रावधान

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

**विधेयक**

- बंगाल विधानसभा में दुष्कर्म-विरोधी विधेयक पेश

प्रस्तावित विधेयक में दुष्कर्म और पीड़िता की मौत के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही इसमें दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को बिना जमानत के आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान भी किया गया है।

बंगाल विधानसभा में आज यानी मंगलवार को दुष्कर्म विरोधी विधेयक पेश कर दिया गया है। इस विधेयक में दुष्कर्म और पीड़िता की मौत के दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही इसमें दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को बिना जमानत के आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान भी किया गया है। विधानसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के दोषी को सख्त सजा मिलनी चाहिए। विधानसभा में इस विधेयक पर चर्चा में भाजपा विधायक शिखा चटर्जी, अग्निमित्रा पॉल और शुभेंदु अधिकारी ने भी अपनी बात रखी। बंगाल सरकार के इस विधेयक अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 का उद्देश्य दुष्कर्म और यौन अपराधों से संबंधित नए प्रावधानों को संशोधित करके महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षा को मजबूत करना है।

बीते महीने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर जारी हंगामा अभी तक थमा नहीं है। राज्य में महिला सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग हो रही है। ऐसे में राज्य सरकार ने सोमवार से विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाने का एलान किया था। इस विशेष सत्र में राज्य के कानून मंत्री मोलॉय घटक द्वारा मंगलवार को दुष्कर्म-विरोधी विधेयक पेश किया।

# हल्द्वानी में बदमाशों के हौसले बुलंद, बुजुर्ग महिला से चेन छीनी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

यहां एक चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। सड़क पर चल रही बुजुर्ग महिला से सोने की चेन छीन ली गई। महिला के भाई ने मुखानी थाने में तहरीर दी है। बताया कि उनकी बहन की ढाई तोले की सोने की चेन लुट ली गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना मुखानी थाना क्षेत्र में हुई है। मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। कमर सिंह बगड़वाल के अनुसार, उनकी बहन धनुली देनी आज सुबह 6:20 बजे घर कालिका कॉलोनी से ओम शांति केन्द्र ब्लाक की ओर जा रही थीं। इसी दौरान, कठघरिया की ओर से आ रहे दो बाइक सवार युवकों ने लक्ष्मी मैरिज गार्डन के पास पीछे से धक्का देकर उनकी बहन के गले से 2.5 तोले की सोने



की चेन छीन ली और ऊंचापुल की ओर भाग गए। इस घटना के तुरंत बाद, पीड़िता ने अपने परिवार और पुलिस को सूचित किया। पुलिस अब इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके और उन्हें पकड़ा जा सके। यहां बता दें कि शहर में आए दिन अपराधिक घटनाएं घटित हो रही हैं। लेकिन इन घटनाओं की रोकथाम में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। पुलिस के अधिकारी अपराध नियंत्रण के लिए बैठकें ले रहे हैं, लेकिन इसमें दिए गए निर्देश धरातल पर नहीं उतर रहे हैं। जिसके चलते अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। अपराध नियंत्रण के नाम पर पुलिस महज वाहन चैकिंग कर राजस्व बढ़ाने का काम कर रही है।


# नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में धारा 163 लागू, 500 लोगों पर मुकदमा

**चमोली/देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के चमोली में दूसरे समुदाय के युवक द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। आज नंदानगर बाजार क्षेत्र के 200 मीटर की परिधि में प्रशासन ने धारा 163 (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023) लागू कर दी है।

साथ ही एक विवादित स्थल पर तोड़फोड़ करने पर 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ नंदानगर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जबकि सोमवार को 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए थे। अभी तक 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए हैं। लोगों ने आज भी नंदानगर में चक्काजाम किया है। साथ ही बाजार पूर्ण रूप से बंद किया है। पुलिस की ओर से भी लाउडस्पीकर से लोगों को धारा 163 के तहत कहीं भी समूह में खड़े नहीं होने की हिदायत दी जा रही है। जगह-जगह पर पुलिस के जवान



तैनात किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी नंदानगर में कैंप लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने पुलिस ने आरोपी आरिफ खान (26) निवासी ग्राम सोफतपुर थाना नांगल जिला बिजनौर को रविवार रात को बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन लोग आरोपी युवक के सहयोगी साहिद, अहमद हसन और अयूब की गिरफ्तारी की मांग उठा रहे हैं। बता दें कि नंदानगर में सैलून चलाने वाला युवक आरिफ ने क्षेत्र की एक नाबालिग को अश्लील इशारे किए थे। इसकी जानकारी लगने पर रविवार को नंदानगर में खूब बवाल हुआ था। गुस्साई भीड़ ने आरोपी समेत विशेष समुदाय के लोगों की सात दुकानों में तोड़फोड़ कर पूरे दिन बाजार बंद रहा। सोमवार को भी नंदानगर बाजार बंद रहा और वाहनों का भी चक्का जाम किया गया। बारिश के बावजूद गांवों से महिलाएं व पुरुष नंदानगर पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# लालकुआं अपराध में पीड़िता का नाम उजागर करने पर सौंपा ज्ञापन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार को नैनीताल में पुलिस कप्तान प्रहलाद सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने लालकुआं मामले में पीड़िता का नाम उजागर करने वाले कांग्रेसी नेताओं पर तत्काल कार्यवाही की मांग की।

इस दौरान मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि पीड़िता का नाम सार्वजनिक करना ना केवल सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइंस का खुला उल्लंघन है बल्कि यह भारतीय न्याय संहिता की धारा 72 के तहत भी अपराध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी नेता इस संवेदनशील मामले को राजनीतिक लाभ के लिए भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में महिला अपराधों को लेकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। लालकुआं मामले में पुलिस ने तुरंत एफ आई आर दर्ज करते हुए जांच भी शुरू कर दी है बावजूद इसके कांग्रेसी नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर




पीडिता की पहचान उजागर करना बेहद असंवेदनशील है।

एसएसपी को सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा महिला मोर्चा ने सभी दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए संबंधित कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मामले को प्राथमिकता से लिया जाए। शिष्टमंडल के मुताबिक पुलिस कप्तान ने मामले को गंभीर मानते हुए प्रकरण में सीओ लालकुआं को मामले में कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान नैनीताल महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला, जिला महामंत्री डा. प्रगति प्रगति जैन समेत दीपिका बिनवाल, पूर्व सभासद तारा राणा व प्रेमा अधिकारी समेत जीवंती भट्ट, नीतू जोशी, ज्योति ढोडियाल, लता दफ़्टी, मीरा बिष्ट, वर्षा आर्या, कंचन जोशी तथा मीनाक्षी आर्या आदि मौजूद रहे।

## महिला हिंसा में लिप्त दोषियों को सजा देने की मांग

**नैनीताल।** नैनीताल में रोड हंटर बैनर तले युवाओं ने देश में हो रही महिला हिंसा का विरोध किया। बता दें कि दोपहर में कार रैली के दौरान युवाओं ने नारेबाजी कर महिला हिंसा में लिप्त दोषियों को सजा देने की मांग की। रोड हंटर के बैनर तले जमा शामिल युवाओं ने सोमवार को मल्लीताल डीएसए मैदान में एकत्र होकर आम सभा की। इस दौरान युवाओं ने देश में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं के साथ हो रही लगातार दुष्कर्म की घटनाएं देश में महिलाओं में डर का माहौल पैदा कर रही हैं। सभा के बाद मौजूद लोगों ने मल्लीताल से तल्लीताल तक कार रैली निकाली। इस दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हल्द्वानी रश्मि लमगडिया समेत पूर्व छात्र सचिव नैनीताल रविंद्र सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार, अमित पांडे, जितेंद्र पांडे, शिवम बजाज, करन अरोड़ा, नरेंद्र राठौर, विशाल सैनी तथा प्रियांशु व दिव्यांशु जोशी शामिल रहे।






## कुमांउनी भाषा दिवस में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

भीमताल
हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में सोमवार को कुमांउनी भाषा दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर कुमाउंनी कल्चर एंड हैरिटेज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने कुमाऊंनी भाषा में स्वरचित रचनाए सुनायीं और ग्रामीण परिवेश को नाटक के रूप में कुमाऊनी प्रथाओं, खान पान व अन्य रोजमर्रा जीवन की झलकिया रोचक रूप में प्रदर्शित की गयी। समारोह में प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गयीं जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने एक कुमाउंनी समूह गान गाया और यह भी निश्चय किया कि वह प्रतिदिन कुछ वार्तालाप कुमांउनी भाषा में अवश्य करेंगे। सेंटर के स्वयसेवकों ने आने वाले कुमाउंनी सास्कृतिक आयोजनों के बारे में भी अवगत कराया।

## नैना गांव स्थित भूमिया मंदिर से घंटा चोरी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैना गांव स्थित भूमिया मंदिर से लगभग 51 किलो का घंटा बीती रात्रि चोरी होने से गांव में सनसनी फैल गई और घटना को लेकर लोगों में रोष है और गांव में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है एक कहावत तो सुनी होगी घर का भेदी लंका ढाए घटना से ऐसा प्रतीक होता है कि इसमें कुछ गांव के लोग ही ना सम्मिलित हो विडंबना देखिए अब लोगों की मानसिकता कितनी गिर रही है कि वह गुनाह करते-करते मंदिरों को भी नहीं छोड़ रहे हैं बता दें मंगलवार प्रात: गांव के लोगों द्वारा थाना तल्लीताल पहुंचे और थाना अध्यक्ष रमेश बोरा को चोरी की घटना की जानकारी दी बताया बीती रात्रि चोरों द्वारा मंदिर का घंटा चुरालिया लिया गया है तहरीर देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की उन्होंने बताया पूर्व में भी कई बार क्षेत्र में चोरी हो चुकी है जिसमें लोगों के घर से गैस सिलेंडर के अलावा सौर ऊर्जा लाइट जो गांव में लगाई गई थी उसकी बेटरियां और पूर्व में मंदिर में



कलश के अलावा बजाज मोटरसाइकिल सहित अन्य चीज चोरी हो चुकी है जिनकी तहरीर ज्योलीकोट चौकी में दी गई थी घटना को लेकर गांव के लोगों में रोष है और लोग तत्काल आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं थाना अध्यक्ष रमेश बोरा ने गांव के लोगों को आस्वस्त करते हुए कहा जल्दी ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। इस मौके पर पूरन मेहरा, राजेंद्र सिंह मनराल, किशन सिंह, उमेश सिंह मनराल,आनंद सिंह बिष्ट, नवीन नैनवाल, ईश्वरी दत्त ओली, रमेश ओली, रमेश सिंह बिष्ट, हरीश सिंह बिष्ट,संजय सिंह बिष्ट राजेंद्र मेहरा, हरेंद्र बिष्ट, मौजूद थे।

## NEWS / फटाफट

### बिजली चोरी करने के जुर्म में एक साल का कारावास व अर्थदंड

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने बिजली चोरी करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 1 साल के कठोर कारावास व 1.80 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार विद्युत विभाग हल्द्वानी के उप खण्ड अधिकारी नीरज पांडे ने 27 फरवरी 2021 को हल्द्वानी थाने में राजपुरा हल्द्वानी निवासी मुहब्बत शाह पुत्र जुम्मन शाह के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया, उस पर बिना बिजली मीटर के बिजली लाइन में कटिया डालकर 333 किलोवाट घरेलू व 0.24 किलोवाट व्यवसायिक बिजली चोरी करने का आरोप है जो 799 यूनिट प्रतिमाह घरेलू है, जिसका मूल्य 1.37 लाख है जबकि व्यवसायिक बिजली का मूल्य 30 लाख के करीब है जो कुल 1.67 लाख है । अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (फ ौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने विद्युत अधिनियम का हवाला देकर आरोपी को कठोर सजा देने की मांग की। सभी पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को 1 साल के कठोर कारावास व 1. 80 लाख के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### गिरफ्तारी वारंटों में अभियुक्तों की तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश

**भवाली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को न्यायलय से जारी गिरफ्तारी वारंटों में अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में सोमवार को कोतवाली भवाली पुलिस द्वारा एनबीडब्लू धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी प्रेम सिंह, निवासी रेहड़ भवाली, उम्र 44 वर्ष को दबिश देकर सीएससी के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इस दौरान गिरफ्तारी टीम में अपर उ नि.भूपेंद्र बिष्ट,का. शत्रुघन कुमार रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## टेक्निकल बिट में शिवशक्ति इंटरप्राइजेज और आबिद इलेक्ट्रिकल का आवेदन निरस्त

नैनीताल
हमारे संवाददाता

8 से 15 सितंबर तक आयोजित नंदा देवी महोत्सव के लिए डीएसए मैदान में लगने वाली दुकानों व झूलों के निर्माण को लेकर बीते शनिवार को हुई टेंडर प्रक्रिया के दौरान वंदना अग्निहोत्री, ठाकुर जी इंटरप्राइजेज और रमेश सजवाण के आवेदन टेक्निकल बिट में पास हुए थे जबकि शिवशक्ति इंटरप्राइजेज और आबिद इलेक्ट्रिकल का आवेदन निरस्त कर दिए थे।

सोमवार को प्रशासक केएन गोस्वामी,मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा,ईओ पूजा चंद्रा सहित टीम के अन्य सदस्यों की मौजूदगी फाइनेंसियल बिट खोली गई। झूलों व दुकानों के निर्माण के लिए 70 लाख रुपये बेस प्राइज रखी गयी थी। जिसमे रमेश सजवाण द्वारा 86 लाख 51 हजार रुपये वंदना अग्निहोत्री ने 84 लाख 11 हजार तथा ठाकुर जी इंटरप्राइजेज द्वारा सबसे ज्यादा धनराशि 90 लाख 11 हजार एक सौ 11 रुपये डाली गई थी। जिसके बाद कमेटी द्वारा नंदा देवी महोत्सव में झुलों और दुकानों का टेंडर ठाकुर जी इंटरप्राइजेज के नाम किया। बता दे कि नंदा देवी महोत्सव के लिए बीते वर्ष भी



झूलों व दुकानों के लिए रमेश सिंह सजवाण का 69 लाख रुपये में टेंडर हुआ था। वहीं साईं लाइट हाउस को लाइट की व्यवस्था का टेंडर दिया गया।जिसमें पालिका साईं को 4 लाख 95 हजार का भुगतान किया गया था। जबकि इस वर्ष लाइट की व्यवस्था के लिए साईं लाइट हाउस को 5 लाख 40 हजार में टेंडर हुआ है।

## बौद्धिक प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर वीरभट्टी से 22 बच्चों ने किया प्रतिभाग

नैनीताल
हमारे संवाददाता

संभाग स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता जो कि जिले के सरस्वती शिशु मंदिर चोरगलिया में हुई। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर वीरभट्टी से 22 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 12 बच्चे प्रथम स्थान पर रहे जबकि शेष 10 बच्चे द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

बता दें कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में अंताक्षरी की टीम में योगिता नयाल, हिना बिष्ट, ज्योति जोशी एवं वैदिक गणित प्रश्न मंच की टीम में जयेश डालाकोटी, समृद्धि अधिकारी व यशस्वी जोशी रहे। बाल वर्ग विज्ञान प्रश्न मंच की टीम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में मानिया बिनवाल तथा गीता नयाल व भूमिका भट्ट रहे। बाल वर्ग में गणित प्रयोग एवं गणित मॉडल में ईशान और रौनक प्रथम स्थान में वहीं विज्ञान पत्र वाचन में महक नेगी प्रथम स्थान पर रहे।

इसी क्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में बाल वर्ग वैदिक गणित प्रश्न मंच में नितिन पोखरिया, आरिफ अंसारी तथा चिराग चौहान रहे। इसके साथ कमल आर्य गणित मॉडल में द्वितीय स्थान पर रहे।

बाल वर्ग की सांस्कृतिक प्रश्न मंच में तृतीय स्थान में मनीषा आर्या, विद्या केवट तथा तनिष्का आर्या रहे। इसके अलावा शिशु वर्ग की टीम में अभय पतलिया, कृष्ण जोशी, तनिष्क सिंह नेगी ने अपना प्रतिभाग किया। सभी विजेता भैया/ बहनों को समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह तथा विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सूर्य प्रकाश ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

# अभिमत



## फिजूलखर्ची का मुद्दा

*उत्तराखंड में कुछ लोग बिना किसी पार्टी में शामिल हुए आंदोलन का बहाना तलाशते रहते हैं। उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने आंदोलन किया था। अब अलग पहचान बनाने के लिए राज्य आंदोलनकारी के नाम से लोग बयानबाजी करते हैं। गैरसैंण में स्थायी राजधानी बनाने के मुद्दे को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने कांग्रेस व भाजपा को घेरने की कोशिश की तो गैरसैंण में बिना भवन के टेंट लगाकर कैबिनेट की बैठक की गई। इसके बाद विधानसभा भवन बनाकर सत्र आयोजित किया गया। गैरसैंण के मुद्दे पर जितना धन खर्च किया गया और किया जा रहा है, उसे पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा पर खर्च किया जाता तो जनहित में होता।*

उत्तर प्रदेश का पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा होने के कारण पृथक उत्तराखंड राज्य के लिए वर्षों तक आंदोलन किया गया। आंदोलनकारियों का तर्क था कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है और पर्वतीय क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद कुछ लोगों ने पर्वतीय राज्य की राजधानी पर्वतीय क्षेत्र में होने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया। गैरसैंण में दो सौ करोड़ रुपये से विशाल विधानसभा भवन का निर्माण कर दिया गया। दस साल में करीब 38 दिन ही गैरसैंण में विधानसभा सत्र आयोजित किया गया। उत्तराखंड विधानसभा का सत्र मात्र तीन दिन सियासी रस्म अदायगी के लिए होता है। देहरादून में विधानसभा भवन में पूरे साल काम होता है, लेकिन गैरसैंण में तीन दिन के बाद सालभर सन्नाटा रहता है। बिना किसी काम के दो सौ करोड़ का भवन सफेद हाथी साबित हो रहा है। इसके रखरखाव पर खर्च का विवरण देने को कोई तैयार नहीं है। उत्तराखंड में फिजूलखर्ची और विकास के दावों के खुलासे का यह एक मात्र उदाहरण है। सच यह है कि गैरसैंण में तीन दिन नेता और अधिकारी पिकनिक समझ कर मौजमस्ती करने पहुंचते हैं। गैरसैंण में जो निर्णय किये जाते हैं, वह औपचारिकता मात्र होते हैं। उनकी कागजी खानापूर्ति देहरादून में की जाती है। उत्तराखंड में विधानसभा सत्र का आयोजन सिर्फ और सिर्फ दिखावा है। कैबिनेट की बैठकें सालभर में अनेक बार होती हैं और उनमें निर्णय किये जाते हैं। विधानसभा सत्र में कैबिनेट बैठक के फैसलों को पारित मान लिया जाता है, क्योंकि विपक्ष बहिष्कार कर देता है और बिना बहस तथा संशोधन के विधेयक पारित हो जाते हैं। राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे से ज्यादा सक्रियता दिखाने के लिए आंदोलन करती हैं। सत्तारूढ़ पार्टी आंदोलन नहीं करती, बल्कि विपक्षी दल प्रदर्शन, धरना आदि करता है। उत्तराखंड में कुछ लोग बिना किसी पार्टी में शामिल हुए आंदोलन का बहाना तलाशते रहते हैं। उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने आंदोलन किया था। अब अलग पहचान बनाने के लिए राज्य आंदोलनकारी के नाम से लोग बयानबाजी करते हैं। गैरसैंण में स्थायी राजधानी बनाने के मुद्दे को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने कांग्रेस व भाजपा को घेरने की कोशिश की तो गैरसैंण में बिना भवन के टेंट लगाकर कैबिनेट की बैठक की गई। इसके बाद विधानसभा भवन बनाकर सत्र आयोजित किया गया। गैरसैंण के मुद्दे पर जितना धन खर्च किया गया और किया जा रहा है, उसे पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा पर खर्च किया जाता तो जनहित में होता। गैरसैंण में बने भवन और अन्य निर्माण में जबरदस्ती सत्र आयोजित करने से अच्छा होगा कि आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए चिकित्सा, शिक्षा तथा अन्य कार्य के लिए सदुपयोग किया जाये।

# विधायक शिव पहुंचे सिडकुल के डॉल्फिन कर्मचारियों के धरना स्थल, सुनीं समस्याएं

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

30 अगस्त से मांगो को लेकर डॉल्फिन कंपनी के खिलाफ धरने पर बैठे कर्मचारियों के बीच विधायक शिव अरोरा पहुंचे। विधायक ने श्रमिकों का हाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान विधायक ने कहा कि डॉल्फिन कंम्पनी के श्रमिकों अपनी विभिन्न मांगो को लेकर विगत काफ़ी दिनों से धरने पर बैठे है।



उनके संज्ञान मे यह मामला पहले से है जिसमें 14 अगस्त को श्रमिक संघ के लोग विधायक संग जिला अधिकारी से मिले थे जिसमें विधायक ने इनकी आये दिन होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्या के समाधान हेतु उच्च स्तरीय कमेटी गठिन करने की मांग की थी।

30 अगस्त को जिलाधिकारी द्वारा 6 सदस्य कमेटी गठिन कर दी गयी है, जिसमे एडीएम पंकज उपाध्याय कमेटी के अध्यक्ष है, साथ में एसपी सिटी, एसडीएम, सहायक श्रम आयुक्त,क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल कमेटी में शामिल है।जो ऐसी समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित की गयी है। विधायक ने धरना दे रहे कर्मचारियों के सामने ही कमेटी के अध्यक्ष एडीएम पंकज उपाध्याय से दूरभाष पर वार्ता की और कर्मियों की समस्याओं संबधित विषय को बताया तो एडीएम ने तीन दिन के भीतर उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा डॉल्फिन कंपनी के प्रबंधक को बुलाया जायेगा।धरना दे रहे कर्मचारियों की मागो को लेकर उनसे वार्ता कर समस्या का समाधान होगा। यूनियन के पदाधिकारियों ने विधायक शिव अरोरा का आभार जताया, जिनके प्रयास से कमेटी गठित हुई और अब कमेटी द्वारा जल्द ही कम्पनी प्रबंधन से वार्ता की जायेगी। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली,मनोज मदान, यूनियन लीडर दिनेश तिवारी, रोहित शिव कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे।

**मांग**

- **गठित कमेटी तीन दिन में कर्मचारियों की मागों को लेकर करेगी कंपनी प्रबंधक से वार्ता**

## कुमाऊं विवि के छात्र मनोज पंत को पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के पूर्व छात्र एवं 1991 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज पंत को पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।



बता दें कि मनोज पंत देवभूमि उत्तराखंड के निवासी हैं और उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल से प्राप्त की है। उन्होंने वर्ष 1990 में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। आईएएस प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें 1991 बैच के आईएएस अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया और पश्चिम बंगाल कैडर अलॉट किया गया।

इस अवसर पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपतिए प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि पहाड़ के मेधावियों ने अपनी प्रतिभा के बलबूते पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देश की प्रशासनिक और पुलिस सेवाओं में पहाड़ मूल के अधिकारियों की हमेशा से एक विशेष पहचान रही है।

## वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर पौधारोपण

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को 61वें दिन भी निगम कर्मचारियों ने नियमितीकरण तथा वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर अपने अनूठे आंदोलन पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम को जारी रखा । महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों ने सोमवार को भी कुमाऊं मंडल विकास निगम की सभी इकाइयों के परिसर मेंपौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। उन्होंने कहा कि वार्ताएं जारी हैं लेकिन समाधान नहीं निकल रहा है। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर को निगम मुख्यालय नैनीताल में निदेशक मंडल की बैठक होनी है। महासंघ द्वारा 3 जुलाई से पर्यावरण संरक्षण के तहत अपनी मांग को मनवाने के लिए पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पहले वह दूसरे चरण के कार्यक्रम में जहां 20 हजार पौधों का रोपण किया गया है, वहीं तीसरे चरण में निगम कर्मचारियोंको 30 अगस्त से 5 सितंबर तक 5000 पदों के रोपण का लक्ष्य दिया है।

# अंतर विद्यालयी एवं वेट्रन टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सीआरएसटी इंटर कालेज में सोमवार से अंतर विद्यालयी एवं वेट्रन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन हुआ। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि निखिल मोहन एमडी एवं सीईओ नैनीताल बैक द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया जबकि प्राथमिक विद्यालय कैन्ट की छात्राओं द्वारा सरस्वती वदंना एवं कुन्दन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कालेज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सीआरएसटी इंटर कालेज के छात्रों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया गया।



सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कालेज के प्रबन्धक पद्मश्री अनूप साह ने कहा कि प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना विद्यालय का हमेशा से ही मकसद रहा है। टेबल टेनिस के क्षेत्र में छात्र नया मुकाम हासिल करें यही हमारी कामना है। इस दौरान प्रबन्ध समिति के सदस्य आलोक साह ने सभी के प्रति अपनी शुभ कामनायें प्रषित की तथा भविष्य में और अधिक इस खेल को विस्तृत रूप देने की बात कही। मुख्य अतिथि निखिल मोहन द्वारा इस क्षेत्र में अपार सम्भावनाऐं बताते हुवे भविष्य के लिये और भी अधिक व्यापक रूप देने की बात कही। उन्होंने कहा की इस तरह के आयोजन छात्रों को एक नई प्रेरणा देते हैं । इसके बाद मुख्य अतिथि निखिल मोहन द्वारा विद्यालय के शैक्षणिक खण्ड में स्थित जगदीश साह सभागार में खिलाडियों के मध्य टेविल टेनिस खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया। इससे पूर्व कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों व खिलाडियों का कालेज परिवार की ओर से स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता में डा. महेन्द्र पाल, सुर्दशन लाल साह, सुरेश चौधरी ,मनोज साह, प्रभाकर जोशी, सैय्यद मून, संजय साह ,उमेश त्रिपाठी, दीपक बलानी, के0एस0बसैड़ा, संजय गुप्ता, मनोज साह, प्रवीण साह, राजेन्द्र लाल साह, ग्रुप कैप्टन अच्युत समेत लगभग 25 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक मेहरा, पूर्व राष्टीय हॉकी खिलाड़ी एन0 डी0 बिष्ट, प्रो0पी0के0 पाण्डे ,डा0 नारायण सिंह जंतवाल, अमरदीप मान, पर्वतारोही एवं एन0टी0एम0सी0 के सचिव अनित साह, तुसी साह आदि विषिष्ट अतिथि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के निर्णायक शैलेष साह , चंन्दन बिष्ट, ग्रुप कैप्टन अच्युत, संजय साह, दीवान बिष्ट एवं इन्द्र मोहन शर्मा हैं। प्रतियोगिता के संयोजक एवं शीला होटल नैनीताल के स्वामी नागेन्द्र साह, शैलेन्द्र साह एवं विद्यालय के शिक्षक शैलेन्द्र चौधरी प्रतियोगिता को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। संचालन डा0 सोबन सिंह बिष्ट एवं अनुपम उपाध्याय द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

# फिल्मी दुनिया

## कंगना रणौत की नई फिल्म का एलान, भारत भाग्य विधाता



*बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वहीं इस बीच अब अभिनेत्री की नई फिल्म पर भी अपडेट सामने आ गया है। इमरजेंसी के बाद अभिनेत्री एक और नई फिल्म में नजर आएंगी, जिसका नाम भारत भाग्य विधाता है। यूनोइया फिल्म्स और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट मिलकर बबीता आशिवाल और आदि शर्मा की पहली फिल्म भारत भाग्य विधाता का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें कंगना रनौत मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। कंगना रनौत अभिनीत यह फिल्म हमारे देश को आकार देने वाले ब्लू-कॉलर मजदूरों और कामकाजी वर्ग के जीवन पर आधारित है। यह उन गुमनाम नायकों को उजागर करती है, जिनके प्रयास महत्वपूर्ण हैं लेकिन अक्सर पहचाने नहीं जाते। निर्माताओं ने अभिनेत्री से इसलिए संपर्क किया, क्योंकि वे अपरंपरागत प्रोजेक्ट चुनने और अनसुनी कहानी सामने रखने के लिए जानी जाती हैं। यह फिल्म कंगना को एक बार फिर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का मौका देगी। फिल्म और विज्ञापन उद्योग के दिग्गज मनोज तापड़िया भारत भाग्य विधाता का लेखन और निर्देशन कर रहे हैं। क्रू लोगों के दिलों को छूने वाली कहानियां बताने के लिए उत्साहित है। फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। आशिवाल ने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर काम करने का अनुभव वाकई संतोषजनक रहा। उनका पहला लक्ष्य ऐसी सामग्री बनाना है, जिसके बारे में लोग सोचना बंद न कर सकें। उनका मानना है कि कंगना की यह फिल्म हिट होगी।*

### उनका लक्ष्य दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव

*आदि शर्मा ने कहा कि भारतीय सिनेमा का भविष्य उच्च गुणवत्ता वाली और विचार करने वाली फिल्मों के निर्माण में निहित है। कंगना अभिनीत इस फिल्म को बनाने का उनका लक्ष्य दर्शकों के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव बनाना था, जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे होगा। उन्होंने कहा कि सफल बॉक्स ऑफिस रिलीज का भविष्य भारी कंटेंट वाली फिल्मों पर निर्भर करता है। भारत भाग्य विधाता यूनोइया फिल्म्स और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट की शुरुआत है।*

# अंतर विद्यालय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

डीएसए नैनीताल द्वारा आयोजित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल व कुमाऊँ मंडल विकास निगम नैनीताल द्वारा प्रायोजित प्रथम अंतर विद्यालय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत सोमवार को दो मैच खेले गए।

बता दें पहले मैच में ऑल सेंट्स कॉलेज की ब्लू टीम ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की ब्लू टीम को शून्य के मुकाबले 6 गोल से हराया, दूसरे व अंतिम मैच में मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर नैनीताल की टीम ने सेंट मेरी कॉन्वेंट कॉलेज नैनीताल की टीम को शून्य के बदले दो गोल से हराया।

मैच के रैफरी डा.मनोज सिंह बिष्ट,तेजिंग,जनक बिष्ट व अनिल रावत रहे। इस दौरान डीएसए के महासचिव अनिल गाढिया,भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, फुटबॉल सचिव पवन खड़ायत, वॉलीबॉल सचिव पंकज बर्गली समेत संतोष शाह व सुमित खन्ना समेत खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी दोषमुक्त करार

नैनीताल । जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुबीर कुमार की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी को दोषमुक्त करार दिया है।

आरोपी यूसुफ पुत्र हसमत निवासी शेखीपुर इस्लामनगर बहेडी बरेली को हल्द्वानी पुलिस ने 21 नवम्बर 2017 को चोरी के आरोप में उसके सहयोगी आसिफ के साथ गिरफ्तार किया था । उनके खिलाफ कई लोगों ने चोरी की गवाही दी थी। जिसके बाद 6 अगस्त 2018 को यूसुफ व अन्य पर गैंगस्टर लगा दिया गया। इस मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नवीन चंद्र उस पर लगाये गए आरोपों को गलत बताया और गैंगस्टर एक्ट लगाने को अनुचित बताया । दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषमुक्त करार दिया।

### बिन्दुखत्ता में स्थानीय निवासियों को फलदार पौधे बांटे



हल्द्वानी/नैनीताल। बीते रोज सोमवार सांयकाल बिन्दुखत्ता के संजय नगर अम्बेडकर पार्क में स्थानीय निवासियों को दिव्यअंग समिति द्वारा फलदार पौधे निशुल्क वितरित किए गए और इस दौरान कार्यक्रम में वहां मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई और सभी को कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजन में दिव्यअंग समिति के अध्यक्ष शंकर राम, अम्बेडकर पार्क समिति के अध्यक्ष रमेश राम, सचिव उम्मेद राम समाजसेवी शंकर राम, डॉ आशुतोष पन्त पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी/पर्यावरणविद, द्वारा पौधे वितरित किए गए।

# बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण को लेकर कार्यशाला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



राजकीय महिला महाविद्यालय, हल्द्वानी में महिला एवं बाल विकास विभाग नैनीताल द्वारा जिलाधिकारी महोदया के निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवम जानकारी दी गई जैसे पुलिस विभाग द्वारा गौरा शक्ति ऐप और विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई, इसी तरह एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, स्वास्थ, शिक्षा, सेवायोजन एवम परिवीक्षा विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से जुड़ी योजनाएं एवम समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। अपर निदेशक, प्रशिक्षण ऋचा सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अनुलेखा बिष्ट द्वारा बालिकाओं से ऐसे स्थानों के बारे में पूछा गया जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं। बालिकाओं द्वारा हल्द्वानी में विभिन्न स्थानों को चिन्हित करते हुए असुरक्षित महसूस किए जाने की वजह भी बताई गई जैसे युवक झुंड बना कर खड़े रहते हैं, शराब या नशे का सेवक करते हैं और आते जाते लड़कियों को छेड़ते हैं आदि। कार्यशाला में ऋचा सिंह ने बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए विस्तार से इस विषय पर चर्चा की जिसमे बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सुझाव भी पेश किए जैसे ऑटो चालक के गले में अनिवार्य आईडी कार्ड, ऑटो या रिक्शा स्टैंड पर पुलिस की गश्त, बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग आदि। कार्यशाला में चिन्हित स्थानों एवम कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदया को प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भय मुक्त वातावरण को बनाना है जहां बालिकाएं स्वयं को असुरक्षित ना महसूस करें और विश्वास के साथ कहीं भी आ जा सके, उन्हें आने-जाने में भय ना लगे और जिस भी क्षेत्र में छेड़छाड़ या बच्चियों को असुरक्षा महसूस हुई है उनमें शीघ्र ही कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर प्रियंका द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, बाल विकास परियोजना अधिकारी हल्द्वानी शिल्पा जोशी एवम भीमताल रेनू मर्तोलिया, सुपरवाईजर, एनएसएस प्रभारी डा. ऋतुराज पंत ऐवम डा. गीता पंत उपस्थित रहे।

# रोडवेज की अनुबंधित बसों के चालकों का सत्यापन कराओ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन काठगोदाम डिपो के कर्मचारियों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हल्द्वानी बस स्टेशन में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने रोडवेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की।

यूनियन से जुड़े कर्मचारियों की स्टेशन परिसर स्थित कार्यालय हुई बैठक वक्ताओं ने विशेष श्रेणी व संविदा कर्मचारियों को नियमित किये जाने, ईएसआई गोल्डन कार्ड से कर्मचारियों को समुचित लाभ दिलाने, स्पेयर पार्ट्स के अभाव में कार्यशाला में खड़ी बसों को चलाने, समय संचालन कक्ष में कर्मचारियों के साथ किये जा रहे भेदभाव की नीति को खत्म करने, काठगोदाम डिपो में पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था किये जाने, अनुबंधित सीएनजी और वाल्वो बसों के चालकों का सत्यापन किये जाने, परिचालक हाजिरी रजिस्टर में पारदर्शिता बरतने, समय संचालन कक्ष में परिचालकों से ड्यूटी न लिये जाने, डिपो में वाहन की सफाई व धुलाई कराये जाने, कर्मचारियों के देयकों का भुगतान शीघ्र किये जाने, काठगोदाम डिपो से समय संचालन कक्ष को हल्द्वानी शिफ्ट किये जाने जैसी मांगें उठाईं। बैठक में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, शाखा मंत्री सूरज बाबू, किशोरी लाल, आनंद बिष्ट, रेहान अली, गर्वित तिवारी, कैलाश कांडपाल, निर्मल जोशी, रितेश आर्या, रंजीत सिंह, बिशन राम, अजय श्रीवास्तव, यशपाल सिंह, संदीप बिष्ट, शिव कुमार, सुखजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपक कुमार, वाईपी काम्टे, जयद्रथ सिंह, अजय कुमार, अनिल तिवाड़ी, कमल बिष्ट, प्रदीप शर्मा, इकबाल अहमद, अब्दुल हई, उमेश कुमार आदि मौजूद थे।

### सरकारी स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लगाई रैलिंग

हल्द्वानी। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओखलढूंगा में बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से रैलिंग लगा दी गई है। इसके लिए समाजसेवी हेमंत गोनिया की पहल पर धनराशि एकत्र की गई। समाजसेवी गोनिया ने बताया कि मुख्य मार्ग से विद्यालय के गेट तक रैलिंग न होने के कारण बच्चों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए 120 मीटर लंबी व तीन फिट चौड़ी रैलिंग लगा दी गई है। गोनिया ने बताया कि इसके लिए हल्द्वानी मंडी समिति सचिव दिग्विजय सिंह देव, रेंजर मुकुल शर्मा, खनन निदेशक राजपाल लेघा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी अशोक चौधरी, अधिशासी अभियंता जल निगम अशोक कटारिया, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड हल्द्वानी ग्रामीण डिवीजन डीडी पागती, जगदीश नेगी, अमित रस्तोगी, प्रेमा राणा, नवीन नयाल के सहयोग से 75 हजार की धनराशि जुटाकर रैलिंग लगाई गई है। गोनिया ने बताया कि पूर्व में भी जिले के सरकारी स्कूलों में रंगाई पुताई आदि कार्य कराये गये हैं। उन्होंने आम लोगों से भी ऐसे नेक कार्यों में सहयोग की अपील की है।

## पेज एक का शेषः-

### पंतनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने से...

...के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी है। उन्होंने बताया कि 524 एकड़ भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को दे दी गयी है जिसकी दाखिल खारिज भी एयरपोर्ट अथॉरिटी के नाम कर दी गयी है साथ ही भूमि निर्देशांक भी अथॉरिटी को उपलब्ध करा दिये गये हैं। इसके साथ ही 103 एकड़ भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दे दी गयी है ताकि एयरपोर्ट विस्तारीकरण में एनएच के आने से उसका डायवर्जन किया जा सके व शीघ्र डायवर्जन का कार्य शुरू हो सके। बैठक में विधायक रूद्रपुर शिव अरोरा, तहसीलदार रूद्रपुर दिनेश कुटोला, मैनेजर एनएचएआई मीनू, विमानपत्तन परामर्श समिति के सदस्य हेमंत कुमार नरूला, हेमंत लोशाली, राजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बाबा बवंडर श्री मां नयना देवी मंदिर पहुंचे, जागरूकता का लिया संकल्प



नैनीताल

हमारे संवाददाता

हिंदू सेवा सुरक्षा सिद्ध पीठ अयोध्या हनुमानगढ़ के बाबा बवंडर सोमवार को नैनीताल स्थित श्री मां नयना देवी मंदिर पहुंचे। इस दौरान बाबा बवंडर ने कहा देश में आज हिंदू समाज के लोग ही देवी देवताओं का अपमान कर रहे हैं, जिसकी जागरुकता के लिए उन्होंने देशभर की यात्रा कर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया है।

नैनीताल पहुंचे बवंडर बाबा का कहना था कि आज देश भर में तंबाकू, पटाखे तथा अगरबत्ती समेत विभिन्न वस्तुओं में देवी-देवताओं की फोटो को लगाया जा रहा है। सामान के प्रयोग के बाद देवी देवताओं के चित्र लगे डब्बो को कूड़े समेत अनुचित स्थान पर फैंका जा रहा है जिससे देवी देवताओं का अपमान हो रहा है। तंबाकू तथा पटाखे समेत अन्य सामानों के विज्ञापनों में से देवी देवताओं की फोटो को हटाने की मांग को लेकर अब तक उन्होंने देश के 25 राज्यों में करीब 1 लाख 11 हजार किलोमीटर का सफर तय कर जन जागरू कता फैला चुके हैं। बाबा का कहना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 28 और 29 कहा गया है कि किसी भी धर्म के देवी देवताओं के चित्रों का अपमान नहीं किया जा सकता। आईपीसी की धारा 293 में भी वर्णित है कि किसी भी धर्म से जुड़े चित्रों का अपमान नहीं किया जा सकता इसके बावजूद भी विभिन्न वस्तुओं में देवी देवताओं की फोटो और नाम का प्रयोग कर देवी देवताओं का अपमान किया जा रहा है जिस पर रोक लगाई जाए।

बाबा ने बताया अब तक उन्होंने 14 राज्यों के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर देवी देवताओं के चित्र का प्रयोग करने वालों को व्यापार प्रमाण पत्र न देने की मांग की है। बाबा बवंडर ने दावा किया है कि अगर जल्द उनकी मांगों पर देश के सभी राज्य सरकारों ने विचार नहीं किया तो देश के सभी राज्यों के हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे।

### प्रदेश भर के राजकीय शिक्षक चॉक डाउन हड़ताल पर

नैनीताल। राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में सोमवार को प्रदेश भर के राजकीय शिक्षक चॉक डाउन हड़ताल पर रहे।

इसी क्रम में नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं चॉक डाउन हड़ताल में सम्मिलित रहें इस अवसर पर बोलते हुए राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री डा. कनू जोशी ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा प्रधानाचार्य के 692 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है।

# मुर्गे की तोड़ी टांग, विरोध करने पर महिला को बेहरमी से पीटा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जनपद में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। मामला मुर्गे की टांग तोड़ने का है। इतना ही नहीं विरोध करने पर महिला को भी बेहरमी से पीटा।

पीड़िता बाजपुर से रुद्रपुर आकर एसएसपी ऑफिस में कार्रवाई की मांग की। महिला ने तहरीर भी दी है। पुलिस कार्यालय से पीड़ित महिला की तहरीर सम्बंधित थाने/चौकी को अग्रिम कार्रवाई को लेकर भेज दी है। महिला जनपद के थाना बाजपुर के मझरा खुशहालपुर की निवासी हैं। महिला ने एसएसपी कार्यालय में दिये शिकायती पत्र में कहा कि वही के निवासी एक परिवार ने मेरे मुर्गे की टांग तोड़ दी।

विरोध किया गया तो उक्त परिवार ने उससे गन्दी गन्दी गालियाँ दी। महिला का आरोप है कि उसे नीचे गिराकर उसके साथ लाठी, डण्डो व लात घूसो से जमकर मारपीट कर दी। बताया कि वह किसी तरह अपनी जान बचाकर खेतो खेतों होते हुए बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी पहुँची। वहां पर पुलिस ने कोई कार्रवाई अमल में नही लाई गई। वह मजबूरन बाजपुर से एसएसपी कार्यालय पहुँची। महिला ने एसएसपी ऑफिस में तहरीर दी। पुलिस कार्यालय से महिला को तहरीर रिसीव करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिये संबंधित थाना पुलिस को भेज दी।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि मामला थाना बाजपुर के बन्नाखेड़ा चौकी का है। जिसमे मुर्गे की टाँग तोड़ने के अलावा मारपीट करने के भी आरोप लगाये है। इस घटना में आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है जो भी तथ्य सामने निकलकर आयेगे उसी हिसाब से अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# व्यापार मंडल का नेशनल हाइवे की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



नारेबाजी

● डीडी चौक पर दिया धरना, नारेबाजी

रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राव के नेतृत्व में व्यापारियों ने नेशनल हाइवे की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया।

इस दौरान उन्होंने नेशनल हाईवे के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि शहर के सबसे व्यस्ततम डीडी चौक जहाँ से न केवल हज़ारों लोग गुजरते है बल्कि जिला मुख्यालय के लगभग सभी अधिकारी भी गुजरते है। डेढ़ महीने से सड़क खोद कर डाल दिया है, सड़क बनाने की कार्रवाई नहीं की गई इस ओर किसी अधिकारी की नजर नहीं जाती है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे के अधिकारी हादसों को दावत दे रहे हैं। महामंत्री मनोज छाबड़ा ने कहा कि सड़क न बनने से जाम लगा रहता है।

लोगों का पैदल निकलना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मौके पर मनीष गोस्वामी, बलविंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह सरजू, राजकुमार सीकरी, हर्ष रावल, पवन गाबा, अमित कुमार, दीपक तनेजा, शिवांश सेठी, मनीषा अग्रवाल, संजीव गुप्ता समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।